तापमान
अधिकतम 38.3 डिग्री
न्यूनतम 15.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,10 अप्रैल 2024

छह वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार 12



मनसा देवी मंदिर पंचकूला में कड़ी सुरक्षा का पहरा 12



## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी ब्रिज भूषण को गिरफ्तार किया है। अब उसे रिमांड पर लिया गया है। जनसूई के राज कुमार शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 मई 2020 से 26 सितंबर 2023 के दौरान आरोपी ब्रिज भूषण व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी कर जाने से मारने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज हुआ था।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ नन्हा को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गणेश विहार के पास से किसी ने उसका पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी नन्हा से पुलिस ने जब्त पर्स जब्त किया है।

### ट्रक की टक्कर से युवक की जान गई

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार कूरियर ब्यॉय सुनील कुमार को टक्कर मार दी। हादसे में सुनील की मौत हो गई। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुनील का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मृतक के भाई नवीन कुमार निवासी गांव बबैल की शिकायत पर ट्रक के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**पानीपत।** पानीपत शहर में काबड़ी रोड के आर्यन नगर निवासी मनमोहन पुत्र सुरेश ने अपने घर पर फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता सुरेश ने बताया कि मनमोहन का एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था। वहीं लडकी के परिजनों ने मनमोहन की कई बार पिटाई की। इससे आहत होकर ही मनमोहन ने आत्महत्या की। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पंप मालिक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर स्कूटी लूट ले गए


## दिनदहाड़े बीच सड़क पर वारदात को दिया अंजाम, आसपास के क्षेत्र में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बरसत रोड पर दिनदहाड़े पेट्रोल पंप मालिक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवकों ने लूट को अंजाम दे दिया। अज्ञात युवकों ने पेट्रोल पंप मालिक के आंखों में मिर्च डालकर लूटपाट को अंजाम देते हुए मालिक की स्कूटी लेकर फरार हो गए।

- पेट्रोल पंप मालिक पंप से दोपहर करीब 2:00 बजे अपनी स्कूटी पर घरौंडा की तरफ वापस आ रहा था

दिनदहाड़े बीच सड़क पर हुई इस लूटपाट को लेकर आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सी आई ए टीम व पुलिस मौके पर पहुंच गयी और चारों ओर नाके बंदी कर दी है।





असपताल में इलाज कराते पेट्रोल पंप के मालिक व घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस।

गांव बड़सत स्थित पेट्रोल पंप के मालिक सुशील कुमार ने बताया कि वह हर रोज की तरह अपने पेट्रोल पंप से दोपहर करीब 2:00 बजे अपनी स्कूटी पर घरौंडा की तरफ वापस आ रहा था। तो जैसे ही वह डींगर माजरा गांव से आगे पहुंचा तो पीछे से मोटर साइकल पर सवार दो युवक आकर अचानक उनके पास रुके और रुकते ही एक युवक ने उनकी आँखों मे लाल मिर्च डाल दी। जिससे वह छटपटा उठे और इतने में दूसरे युवक ने उनको धक्का दे दिया और वह स्कूटी से नीचे गिर गए। और इतने में दोनों युवक उनकी स्कूटी उठाकर फरार हो गए।

पेट्रोल पंप मालिक सुशील कुमार ने बताया कि वे हर रोज दोपहर के समय पेट्रोल पंप का कैश लेकर घरौंडा बैंक में जमा करवाने के लिए आते हैं लेकिन आज पेट्रोल पंप पर कैश कम होने के कारण हुए आज अपनी कैश नहीं लाए थे। उन्होंने बताया कि हो सकता है पेट्रोल पंप से ही दोनों युवकों ने उनकी रेकी की हो और यह सोचकर कि शायद उनके पास कैश होगा। जिसके चलते ही युवकों ने लूटपाट को अंजाम दिया है। पट्रोल पम्प मालिक सुशील कुमार ने बताया कि मौके पर ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व सी आई ए टीम मौके पर पहुंच गयी और चारों ओर नाकेबंदी कर दी।

### पुलिस ने की नाकेबंदी

बरसत रोड पर पेट्रोल पंप मालिक के साथ लूटपाट की सूचना मिली थी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई चारों ओर से नाकेबंदी कर दी है मामले की जाँच की जा रही है। **थाना प्रभारी - श्री भगवान घरौंडा।**

# नोटों के हार लेकर बाइक सवार फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह ठगी करने के मामले सामने आए हैं। इसमें शातिरों ने दुकानदारों को एक ही तरीके से ऑनलाईन पेमेंट करने के नाम पर चुना लगा दिया। दोनों दुकानदारों ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पहला मामला गांव अधोया का है जिसमें शिकायतकर्ता दुकानदार सुदेश कुमार ने बताया कि 3 अप्रैल को शाम के वक्त उसकी दुकान पर दो लोग नोटों की माला लेने को आया। इसमें से एक शातिर ने 5400 रुपये (पांच हजार चार सौ रूपये ) की माला (हार) खरीदा और फोन पर पेंमट करने का नाटक करते हुए कहा कि पेमेंट हो चुकी है। जब तक दुकानदार अपने फोन पर पेमेंट को चेक करता रहा तब तक वह अपने साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। दोनों शातिरों की यह हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई।

- स्कैंनर के जरिए दुकानदारों को भुगतान करने का किया नाटक, पैसे न आने पर खुली पोल, पुलिस कर रही है मामले की जांच

### पुलिस ने केस दर्ज किया

जब दुकानदार ने फोटो के आधार पर उनकी पहचान करने की कोशिश की तो उन्हें यमुनानगर के किसी जानकार ने बताया कि यह दोनों शातिर बिलासपुर व साढ़ौरा में भी ऐसी ही वारदात को अंजाम दे चुके हैं। दूसरा ऐसा ही कुछ मामला गांव उगाला में दुकानदार रविंद्र कुमार के साथ हुआ। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दी शिकातयत में बताया कि उसकी गांव उगाला में जनरल स्टोर है। 30 मार्च को सांय 2 लडक्रे उसकी दुकान पर आए और पांच हजार का हार लिया। स्कैनर से पैसे दिए लेकिन उसके अकाउंट में पैसे नहीं आए। जब तक दुकानदार पेमेंट के पैसे फोन में चेक करता रहा तब तक दोनों वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने दोनों दुकानदारों की शिकायत पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# हत्या कर शव को नहर में फेंका, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत से गुजर रही दिल्ली पैरलल नहर में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव को पानी के ऊपर देख लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। पुलिस प्रारंभिक जांच में व्यक्ति की हत्या कर शव को नहर में फेंके जाने का पता लगा। मौके पर शव की पहचान की पुलिस ने कोशिश की, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। इसके बाद शव को वहां से सिविल अस्पताल भिजवाया गया। । दूसरी ओर, मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने बताया कि पुलिस प्रारंभिक जांच में व्यक्ति की उम्र करीब 40-45 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके शरीर पर क्रीम कुर्ता पहना हुआ है। बायां हाथ कोहनी से नीचे कटा हुआ है। दाहिने हाथ में लाल धागा डाला हुआ है। वहीं, जांच में यह भी सामने आया कि व्यक्ति की हत्या की गई है। उसके दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे। इधर, आठ मरला चौकी इंचार्ज मदन लाल ने बताया कि व्यक्ति की पहचान के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर उसकी फोटो भेज कर प्रयास शुरू कर दिए है। दूसरी ओर, पानीपत पुलिस के अलावा पड़ोसी जिलों से भी इसके लिए संपर्क साधा गया है। फिलहाल जांच की जा रही है कि किस थाने में इस तरह के हुलिया के व्यक्ति की गुमशुदगी दर्ज है।

- शव की पहचान नहीं हो सकी, शव को सिविल अस्पताल भिजवाया

### स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 से

**थानेसर।** 6वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13-14 अप्रैल को द्रोणाचार्य स्टेडियम के एथलेटिक्स ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से करीब 800 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव मनी कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता वरिष्ठ पुरुष वर्ग और वरिष्ठ महिला वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के दौरान सभी मुकाबले एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रतियोगिता नियमवाली के अनुसार आयोजित करवाए जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में यह मुकाबले ऊंची कूद, लॉन्ग जंप, हेप्टाथलन, डिकेथलोन ट्रिपल जंप, हैमरथ्रो, शॉट पुट, दौड में 800 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 3000 मीटर स्टीपल, 5000 मीटर, 10000 मीटर वॉक, डिस्कस थ्रो आयोजित की जाएंगी।

# अभिभावकों ने जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन

## निजी स्कूलों की मनमानी का विरोध, राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नया शैक्षणिक सत्र शुरु होते ही अधिकांश निजी स्कूलों द्वारा महंगे दामों पर वर्दी व किताबें बेची जा रही हैं। जिससे अभिभावकों को आर्थिक क्षति हो रही। वहीं सरकार व शिक्षा विभाग मौन धारण किए हुए है। उक्त शब्द अभिभावक मंच के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट साहब सिंह गुज्जर ने कहे। मंगलवार को उनके नेतृत्व में जिले भर के अभिभावकों ने जिला सचिवालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

- अभिभावकों ने निजी स्कूलों पर लगाया महंगी किताबें व वर्दी बेचने का आरोप



यमुनानगर में जिला सचिवालय में प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

अभिभावकों का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट साहब सिंह गुज्जर ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें नहीं लगाई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नया शैक्षिक सत्र शुरु होते ही निजी स्कूलों ने हर बार की तरह एनसीईआरटी की पुस्तकों को न लगा कर फिर से निजी प्रकाशकों की किताबें लगानी शुरू कर दी हैं। शिक्षा विभाग की सख्त पाबंदी के बावजूद अधिकांश निजी स्कूल महंगी किताबें व वर्दी के नाम पर अभिभावकों की जेबों पर डाका डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हालत यह हो गए हैं कि अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने में असमर्थ होने लगे हैं।

### स्कूलों के नजदीक खुल रही स्टेशनरी की दुकानें

यमुनानगर में कई स्कूलों द्वारा अपने स्कूल के आसपास स्टेशनरी की दुकानें खुलवाकर वहां से बच्चों को किताबें खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। इसी तरह वर्दी के नाम पर अपने चहेते दुकानदारों के पास भेजकर बच्चों को वर्दी खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। यही नहीं एनसीईआरटी की पुस्तकें ना खरीदवाकर अपने द्वारा खुलवाई दुकानों के निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। जिससे बच्चे व अभिभावक त्राहि त्रात्रि कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से ऐसे स्कूलों पर शिकंजा कसे जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निजी स्कूलों की मनमानी जारी रही तो अभिभावक सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी श्याम कुमार पुत्र महावीर सिंह वासी शाहपुर भगौनी जिला ताजपुर समस्तीपुर बिहार को 20 साल कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि 30 अप्रैल 2022 को थाना सदर पेहवा एरिया वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह पेहवा एरिया के एक किसान के खेतों में परिवार के साथ रहता है। 30 अप्रैल 2022 को उसकी नाबालिग बेटी उम्र 16 वर्ष सुबह करीब 4 बजे घर से कहीं चली गई है। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच थाना सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिहं द्वारा की गई। जांच के दौरान गुमशुदा नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। नाबालिग के ब्यान अदालत में कलमबद्ध करवाये गये व बाल कल्याण समिति में काऊंसलिंग करवाई गई। नाबालिग के ब्यान व काउंसलिंग के आधार पर मामले में धारा 363/366 व पोक्सो एक्ट की धारा 6 जोडी गई तथा जांच महिला उप निरीक्षक पवनदीप कौर को सौंपी गई। त

### 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया

फ्तीश के दौरान आरोपी श्याम कुमार पुत्र महावीर सिंह वासी शाहपुर भगौनी जिला ताजपुर समस्तीपुर बिहार को गिरफ्तार कर लिया था व आरोपी को अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी श्याम कुमार को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत 20 साल का कारावास 15 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने पर 8 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत

यमुनानगर। गांव खजूरी के पास दो बाइकों की भिडंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रेतगढ़ निवासी निर्मल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा बेटा नरेंद्र सिंह जठलाना स्थित एक फैक्टरी में हाइड्रा मशीन पर ऑपरेटर था। नरेंद्र बाइक पर सवार होकर अपने काम पर जा रहा था। जब वह गांव खजूरी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही एक अन्य बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगिरों ने उसके लड़के को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पुलिस व अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लोकसभा चुनाव को जिला में भय मुक्त, निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण माहौल में करवाने और कानून एवं व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा सोमवार को थाना इसराना, थाना मतलौडा, थाना माडल टाउन, थाना पुराना औद्योगिक व थाना सदर क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संदीप के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर उनसे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने व निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए अपील की। दूसरी ओर, डीएसपी संदीप ने बताया कि फ्लैग मार्च कानून व्यवस्था बनाने का एक हिस्सा है। हम सब का यह दायित्व है कि कानून का पालन करें और निष्पक्ष व भय रहित चुनाव संपन्न करवाएं।

- ग्रामीणों से संवाद कर उनसे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की



पानीपत में फ्लैग मार्च करती फोर्स। फोटो : हरिभूमि

## धर्मकर्म

### नवरात्रि का पर्व देवी शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्सव

# नवरात्रि में मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा करने से दिव्य शक्तियों की होती है प्राप्ति

### कलश स्थापना में आम के पत्तों का होना बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कॉस्मिक एस्ट्रो के डायरेक्टर और श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के अध्यक्ष ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि का पर्व देवी शक्ति मां दुर्गा की उपासना का उत्सव है। चैत्र नवरात्रि महोत्सव 9 अप्रैल 2024 नव संवत 2081 कालयुक्त से प्रारम्भ हो गया जिसके राजा मंगल और मंत्री शनि है। 17 अप्रैल 2024 श्री रामनवमी और महानवमी तक चलेगा। कई स्थानों में चौदस तिथि 22 अप्रैल 2024 तक भी व्रत रखते है। नवरात्रि में 9 दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है।



- जहाँ भी नारी की पूजा और सम्मान होता है वही सुख समृद्धि होती है

नवरात्र के समय घरों में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया जाता है। नवरात्रि में घर पर मां दुर्गा की फोटो या मूर्ति को स्थापित करने के लिए लकड़ी की चौकी का होना जरूरी है। माता को लाल रंग का कपड़ा बहुत पसंद होता है ऐसे में चौकी पर बिछाने के लिए लाल कपड़ा अवश्य होना चाहिए। कलश स्थापना में सोने, चांदी या मिट्टी के कलश का प्रयोग किया जा सकता है। कलश स्थापना और मां दुर्गा की पूजा में आम के पत्तों का होना बहुत जरूरी होता है। आम के पत्तों से तोरण द्वार बनाना चाहिए। नवरात्रि में कलश स्थापना और पूजा में जटा वाला नारियल के साथ पान, सुपारी, रोली, सिंदूर, फूल और फूल माला,कलावा और अक्षत यानि साबूत चावल होना चाहिए। हवन के लिए आम की सूखी लकड़ी, कपूर, सुपारी, घी और मेवा जैसी सामग्री का होना आवश्यक है।

### नवरात्रि में नौ रंगों का महत्व

नवरात्रि के समय हर दिन का एक विशेष रंग होता है। मान्यता है कि इन रंगों का उपयोग करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आप प्रतिपदा को पीला, द्वितीया को हरा, तृतीया को भूरा, चतुर्थी को नारंगी, पंचमी को सफेद, षष्ठी को लाल, सप्तमी को नीला, अष्टमी को गुलाबी और नवमी को बैंगनी रंग के वस्त्र पूजा में पहन सकते है क घर के मुख्य द्वार पर रंगोली भी नौ दिन इन रंगों से बना सकते है। शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि में ही भगवान श्रीराम ने माँ दुर्गा की आराधना कर महाविद्वान रावण का वध किया था और समाज को यह संदेश दिया था कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है , केवल चरित्रवान ही पूजा जाता है। सदगुण और अवगुण के कारण ही कोई हीरा है तो कोई पत्थर है। मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद भगवान की कृपा से ही मिलता है । मानव परमात्मा के नाम सुमिरन से देवताओं से श्रेष्ठ बनकर निर्वाण और मोक्ष प्राप्त कर सकता है । पूर्ण सतगुरु ही श्रेष्ठ मार्ग दिखाता है । असली सिक्ख हमेशा गुरु के निर्देशन में सीख कर ही सुमिरन करता है। जहाँ भी नारी की पूजा और सम्मान होता है वही सुख समृद्धि होती है और दिव्य कृपा होती है।

# जर्मनी में जाट बिरादरी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि कला, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, रोजगार सृजन व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर विदेश की धरती पर कौम को जोड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संवाद बैठकों के तहत यूरोप महादीप के देश जर्मनी की राजधानी बर्लिन में उन्होंने जाट बिरादनी के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। वहीं जर्मनी निवासी जाटों ने डॉ नैन का बर्लिन पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि 10 व 11 अप्रैल को फ्रांस की राजधानी पेरिस में, 12 अप्रैल को ज्युरिक स्विट्जरलैंड में, 13 अप्रैल को जर्मट स्विट्जरलैंड में 14 अप्रैल को जुंगफ्राजोच स्विट्जरलैंड में व 15 व 16 अप्रैल को अबू धाबी संयुक्त अरब इमारात में निवास कर रहे जाट बिरदरी के लोगों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि दुनिया के विभिन्न देशों में निवास कर रहे जाट बिरादरी के नागरिक अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के बैनर के नीचे एकजुट हो और राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक और औद्योगिक तरक्की कर कौम का नाम रोशन करें। । उन्होंने बताया कि दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद जाट समाज के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है, इसी श्रृंखला के तहत अंतर्राष्ट्रीय संवाद बैठकों का आयोजन रखा गया है

- बर्लिन में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी का जोरदार स्वागत किया



**पानीपत।** जर्मनी में जाट नेता डॉ नवीन नैन भालसी का स्वागत करते हुए स्थानीय जाट बिरादरी के प्रबुद्ध नागरिक।

# लोकसभा चुनाव प्रचार में लाउडस्पीकर के प्रयोग के लिए संबंधित एआरओ से लेनी होगी अनुमति: कैप्टन

## कोई भी चुनाव कार्यालय किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप नहीं खोला जा सकता

अनुमति नहीं लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव प्रचार में एआरओ से अनुमति लेने के बाद ही लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जाएगा। अनुमति नहीं लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि कोई भी राजनीतिक पार्टी या उसका उम्मीदवार चुनाव प्रचार कार्यालय लोकसभा चुनाव के लिए निर्धारित किए गए किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में नहीं खोल सकता है।

**किसी भी धार्मिक स्थल परिसर में कार्यालय नहीं खोला जाए**

उन्होंने निर्देश दिए कि अस्थाई चुनाव कार्यालय खोलने के लिए सार्वजनिक एवं निजी जमीन का प्रयोग कब्जे के रूप में न किया जाए और किसी भी धार्मिक स्थल परिसर में कार्यालय नहीं खोला जाए। उन्होंने बताया कि कोई भी चुनाव कार्यालय किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप भी नहीं खोला जा सकता है। सभी राजनीतिक पार्टियों के अस्थाई चुनाव कार्यालयों में संबंधित पार्टी का चुनाव चिन्ह और फोटोग्राफ वाला केवल एक झंडा और बैनर लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाला बैनर चार बाई आठ फुट से ज्यादा बड़ा नहीं होना चाहिए। यदि जिला प्रशासन द्वारा बैनर और होडिंर्ग के लिए छोटा आकार निर्धारित किया जाता है तो पार्टियों को उसी साईज के हिसाब से बैनर अथवा होडिंर्ग बनवाने होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा किसी की निजी भूमिए भवन आदि पर उसके मालिक की अनुमति के बिना झंडाए नोटिसए नारेए होडिंर्ग और पोस्टर आदि का प्रयोग भी नहीं किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कार्यालयों या किसी अन्य स्थान पर चुनाव प्रचार के लिए सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है। लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति संबंधित एआरओ एवं एसडीएम से लेनी अनिवार्य है।



यमुनानगर में अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

### युवाओं को वोटिंग की प्रेरणा दे रहा है भारत निर्वाचन आयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नये मतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से तीस साल की आयु के हैं, उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है। ये युवा अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं। जिला में भी प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि पहली बार मतदाता सूची में शामिल हुए युवा बूथ पर जाकर अपना वोट डालकर आए और लोकतंत्र के पावन यज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को सेवा विपणन की जाकारी दी

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में मंगलवार को सेवा विपणन और रोजगार कौशल विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग से प्रो. सुभाष चंद और डॉ. संजय अरोड़ा उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को सेवा विपणन की बारीकियों से अवगत करवाया गया। प्रो. सुभाष चंद ने सेवा विपणन की बारीकियों पर प्रकाश डाला और रोजगार कौशल बढ़ाने में अमूल्य अंतदृष्टि सांझा की। उन्होंने आज के गतिशील नौकरी बाजार में अनुकूलनशीलता, संचार और समस्या-समाधान क्षमताओं के महत्व पर जोर दिया।

### विद्यार्थियों ने मतदाताओं को किया जागरुक

**यमुनानगर।** राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल मुगलवाली में मंगलवार को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी के लिए मेहंदी, रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने वोट हमारा अधिकार है और इसके क्या लाभ है यह दर्शाया गया। स्कूल के प्रिंसिपल दीपक कुमार सिंगला ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### भाविप के ललित माटिया बने अध्यक्ष

**रादौर।** भारत विकास परिषद रादौर के तत्वावधान में कस्बा में वर्ष 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में डिप्टी एडवोकेट जनरल सुरेन्द्र सिंह ने भाग लिया। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद सिंघल मौजूद रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष अरविंद सिंघल द्वारा नई कार्यकारिणी को उनके दायित्व की शपथ दिलाई गई। नई कार्यकारिणी में ललित माटिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं विनोद गर्ग सचिव, कुलदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष, डॉ. विवेक शर्मा सह सचिव, बंसी लाल सैनी उपाध्यक्ष संपर्क, राजकुमार पुजारा उपाध्यक्ष संस्कार, डॉ. बिमल गर्ग उपाध्यक्ष सेवा, सुरेंद्र चोपड़ा प्रेस सचिव, अनीता पुजारा संयोजिका, सोनम आहुजा को सह संयोजिका नियुक्त किया गया।

### मानवता ही मानव का सबसे बड़ा है धर्म

**यमुनानगर।** शहर की जम्मू कालोनी में मंगलवार को प्रथम नवरात्र पर आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए हरिद्वार से आए स्वामी कृष्ण आचार्य ने फरमाया कि मानवता इंसान का सबसे बड़ा धर्म है। जब तक इंसान की सोच सकारात्तम नहीं हो जाती, तब तक मानवता का भाव मनों में नहीं आ सकता। मौके पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्वामी कृष्ण आचार्य ने फरमाया कि अगर इंसान को इंसान की कदर करनी आ जाए तो मानवता जन्म लेती है। मानवता की माला केवल प्रभु परमात्मा रूपी धागे से ही बन सकती है। जब तक इंसान को अपने जीवन के मूल उद्देश्य की पहचान नहीं होती तब तक वह अपने जीवन क्षेत्र में पिछड़ा रहता है।

# चोरों ने चार स्थानों को निशाना बनाया

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में चोरों ने अलग-अलग चार स्थानों को निशाना बनाकर 20 हजार रुपये की नकदी, जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। गांव गलौडी निवासी गुरप्रीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोमवार को गांव ठसका अपनी रिश्तेदारी में संस्कार पर गया हुआ था। इस दौरान उनके पड़ोसी का उसके पास फोन आया कि उसके घर के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही वह वापस घर आया। जांच करने पर अलमारी से 20 हजार रुपये, सोने की चार अंगूठियां, सोने का कड़ा, पाजेब व अन्य सामान गायब मिला। । उधर, गांव महमूदपुर निवासी सतपाल ने बताया कि वह गांव शाहपुर 302 में नौकरी करता है। सोमवार को जब वह स्कूल में आया तो उसने देखा की रसोई का ताला टूटा पड़ा है। जांच करने पर गैस सिलेंडर, दो क्विंटल चावल, 40 किलो आटा व अन्य सामान गायब मिला। वहीं, रटौली निवासी इंद्रपाल ने बताया कि उसकी हरनौल में इलैक्ट्रिक सामान की दुकान है। आठ अप्रैल को वह गांव गोलनपुर में कंपलेंड पर गया था। जब वापस दुकान पर लौटा तो वहां से चार पंखों की मोटरें गायब थी। उधर, गांव राझेडी निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी मोनिका गांव की सरंपच है। उन्होंने गांव में बनी नालियों पर डालने के लिए लोहे के चैनल बनवाए हुए हैं। उनमें से कुछ चैनल उनकी बैठक के पास पड़े हैं। वह आठ अप्रैल को रादौर किसी काम से आया था। इस दौरान उसके गांव में सफाई कर्मचारी ने उसे फोन पर सूचना दी कि लोहे के चैनल को दो युवक बाइक पर उठाकर ले जा रहे हैं। उसने सूचना मिलते ही आरोपियों का पीछा कर उन्हें रूकने के लिए कहा। मगर आरोपी चैनल गिराकर मौके से भाग गए। आरोपियों की पहचान गांव खुर्दबन निवासी हर्ष व रक्षित के रूप में हुई। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# छात्राओं की सफलता के लिए किया हवन

- डीएवी कॉलेज में सत्र समाप्ति के उपलक्ष्य में आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने डलवाया आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में मंगलवार को सत्र समापन के उपलक्ष्य व परीक्षा में छात्राओं की सफलता के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने विधि विधान से हवन यज्ञ में आहुति डलवाई। आचार्य ने छात्राओं को जीवन में आने वाली प्रत्येक परीक्षा की सफलता के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। डॉ. मीनू जैन ने कहा कि धैर्य मानव का सबसे बड़ा गुण है। जिसके बिना सफलता संभव नहीं है। उन्होंने सफलता के कारण बताते हुए कहा कि किसी भी कार्य में सफलता के लिए प्रतिज्ञा, परियोजना, परिश्रम, धैर्य, प्रार्थना आदि कारण अति आवश्यक है। सभी छात्राएं अच्छे अंकों से पास हो। विद्या की देवी का प्रवाह सभी पर बना रहे। संपूर्ण महाविद्यालय का उद्देश्य पूर्णतः को प्राप्त हो।

इस अवसर पर हवन इंचार्ज संगीता गोयल , डॉ रंजना व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हवन यज्ञ में आहूति डालती प्राचार्या व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## शक्तिपीठ मां बालासुदरी के मंदिर में मेले का शुभारंभ

# चैत्र नवरात्रि के प्रथम नवरात्र पर मां के मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

प्रथम नवरात्र पर मां के मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने की मां के प्रथम स्वरुप शैलपुत्री की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर मंगलवार से शुरू हुए प्रथम नवरात्र पर जिले भर के मां के मंदिरो में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन किए और मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान सबसे अधिक श्रद्धालुओं ने हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर स्थित त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर व यूपी के बेहट के नजदीक स्थित मां शाकूंबरी मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान मां बाला सुंदरी के दरबार में चौदह दिवसीय मेले का भी शुभारंभ किया गया।



**यमुनानगर।** मां के मंदिरों में माथा टेकने के लिए लाइन में लगे हुए श्रद्धालु।

### मां के मंदिरों में उमड़ी भीड़

मंगलवार सुबह होते ही मां भगवती के जिला स्थित मां दुर्गा के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। खास बात यह रही कि हरियाणा की सीमा स्थित शक्तिपीठ मां बाला सुंदरी व अन्य शक्तिपीठों में श्रद्धालु बीती रात से ही अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों या फिर अन्य वाहनों में सवार होकर पहुंचने लगे थे।

बुधवार को भी दिन भर मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। वहीं, मां बाला सुंदरी के मंदिर में चैत्र और अश्वनी माह में दो बार नवरात्र पर्व के अवसर पर मेले का आयोजन होता है। इस बार भी मंगलवार से मेले का शुभारंभ हो गया। जिसमें इस बार भी चौदह दिवसीय मेले में रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां बाला सुंदरी के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना करेंगे।

### सभी सूखों को देने वाली है मां शैलपुत्री

मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का वाहन वृषभ है। इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं। मां शैलपूत्री सभी सुखों को देने वाली हैं।

### माता के दर्शन से पहले ध्यानु भक्त के किए दर्शन

प्रथम नवरात्र पर मंगलवार को माता बाला सुंदरी के दर्शन करने के लिए जाते समय श्रद्धालुओं ने भक्त ध्यानु के दर्शन भी किए। इसके अलावा देवी ताल तथा पीपल व माहेश्वरी के प्राचीन मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने अपनी हाजिरी लगाई। कहते हैं माता के दरबार में पहुंचने से सभी की मन्नतें पूरी होती हैं और मां उन पर कृपा करती हैं।

# 20 हजार नए विद्यार्थियों के दाखिला करवाने का लक्ष्य

- जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बीईओ, बीआरसी, एबीआरसी व बीआरपी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला शिक्षा अधिकारी सुमन बहमनी ने मंगलवार को सभी बीईओ,बीआरसी, एबीआरसी व बीआरपी की बैठक ली। इस दौरान सभी अधिकारियों को स्कूलों में 20 हजार नए दाखिलों का लक्ष्य रखा। शिक्षा अधिकारी ने सभी को नए दाखिलों के लिए डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में मिल रही सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को जागरुक करें। अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराएं। संघ के जिला प्रधान महेंद्र सिंह कलेर ने कहा कि जेबीटी शिक्षकों के तबादला होने के बाद कई स्कूल टीचरलैस हो गए हैं। जिससे बच्चों के दाखिले पर प्रभाव पड़ रहा है।



**यमुनानगर।** कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेती जिला शिक्षा अधिकारी।

# देश में साक्षरता दर में हुआ इजाफा: चौहान

- शहर की शांति कॉलोनी में भाजपा ने आयोजित किया कार्यक्रम
- कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की शांति कॉलोनी में मंगलवार को भाजपा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने भाग लिया। निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि कांग्रेस द्वारा जारी किया गया घोषणा पत्र न्याय पत्र नहीं है। यह झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस ने इतने साल देश पर राज किया। लेकिन देश की ऊर्जा का सही इस्तेमाल नहीं किया। अब जनता भ्रम में नहीं फंसेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में पहले साक्षरता दर बहुत कम थी। इस कारण लोग उसकी बातों में आ जाते थे। अब मोदी सरकार आने के बाद से साक्षरता दर में इजाफा हुआ है। इसलिए कोई भ्रम में नहीं फंसेगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल मात्र मोदी हटाओ पत्र दिख रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में जो अभूतपूर्व विकास और बदलाव हुआ है वह जनता के सामने है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो वादे करती है। उसे पूरा करती है। जब हम संकल्प पत्र लेकर आते हैं तो जो हम संकल्प करते हैं। उसे हम पूरा करते हैं। हमारे कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा ने सबसे ज्यादा देश का विकास किया है। लंबे समय तक कांग्रेस की देश में सरकार रही। लेकिन कांग्रेस ने देश को पीछे धकेलना का काम किया है। कांग्रेस ने कभी भी देश के विकास की बात ही नहीं की। इसलिए लोगों ने मन बना लिया है कि फिर से 2024 में देश में भाजपा का परचम लहराएगा।



**यमुनानगर।** शांति कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते निवर्तमान मेयर मदन चौहान। *फोटो: हरिभूमि*

# नव वर्ष के शुभारंभ पर जिला बार एसो. ने किया हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के सदस्यों द्वारा विक्रमी संवत्सर 2081 हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में अधिवक्ता सदन प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती शालिनी सिंह नागपाल बतौर मुख्य अतिथि अन्य सभी जज साहिबान के साथ सम्मिलित हुई तथा सभी सदस्यों के साथ मिलकर हवन यज्ञ में आहुति दी। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान अरुण ढांडा ने सभी को विक्रमी संवत्सर 2081 हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर अभिषेक बांगड़, रविन्द्र सिंह संधु, शानु शर्मा, राकेश कुमार सैनी, पवन कुमार पुनिया, रणबीर सिंह खरकाली, सुशील गर्ग, रितेश गोयल, पूर्व प्रधान यशपाल सिंह राझेड़ी, पूर्व प्रधान राम कुमार रादौरी, कंवर भान मेहता, चौ.गुरनाम सिंह, अरूणा शर्मा आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** नव वर्ष के शुभारंभ अवसर पर आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति डालते अतिथि व अन्य।

## विक्रमी नवसंवत पर कहीं हुए हवन तो कहीं निकली प्रभातफेरी

# नवसंवत-2081 जिलेभर में धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारतीय परंपरा अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर से शुरु होने वाले राष्ट्रीय नववर्ष एवं विक्रमी संवत 2081 मंगलवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कहीं पर हवन-यज्ञ किए गए तो कहीं पर प्रभातफेरी निकालकर हिंदू नवसंवत को मनाया गया।

खास बात यह रही कि नवसंवत पर अधिकांश लोगों ने अपने घरों पर भगवा ध्वज फहराया। वहीं, प्रदेश के कृषि मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नवसंवत की सभी प्रदेशवासियों को शुभकॉमनाएं दी।



**यमुनानगर।** विक्रमी संवत व प्रथम नवरात्र के अवसर पर माता मंदिर के श्रद्धालु शहर में प्रभात फेरी निकालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रभातफेरी निकालकर नवसंवत का किया स्वागत

शहर स्थित माता मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा मंगलवार तड़के नवसंवत व प्रथम नवरात्र पर्व के अवसर पर शहर में प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए लोगों को हिंदू नवसंवत के बारे में महत्व बता रहे थे। इस दौरान प्रभातफेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिसमें सैंकड़ो .श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### श्रीराधा कृष्ण मंडल ने आयोजित किया हवन यज्ञ

नवसंवत के शुभारंभ पर श्रीराधा कृष्ण मंडल द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया। मंडल सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर जिलेवासियों के अच्छे स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की कामना की। मंडल के वरिष्ठ सदस्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि प्रकृति के हिसाब से हिंदू नव वर्ष नवसंवत का बहुत ही ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व है। युवा पीढ़ी को अपने हिंदू नव वर्ष के इतिहास के बारे में जागरूक होना चाहिए। हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने नवसंवत-2081 की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को नव संवत के बारे में जानकारी देनी चाहिए। ताकि वह भारतीय संवत के बारे में ज्ञान प्राप्त कर सकें।

# अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

- नगर योजनाकार विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से गांव चंदाखेड़ी व शाहपुर में चार एकड़ में बनी कॉलोनियों में ढ़हाया अवैध निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग की जिले में बन रही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई जारी है। इसी कार्रवाई के चलते मंगलवार को जिला योजनाकार विभाग की टीम ने गांव चंदाखेड़ी व शाहपुर में चार एकड़ में बन रही दो कॉलोनियों में वहां किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया। मंगलवार को नगर योजनाकार विभाग की टीम जिला नगर योजनाकार डीआर पचीसिया के नेतृत्व में बिलासपुर के गांव चंदाखेड़ी व शाहपुर में पहुंची। इस दौरान ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में बिलासपुर के तहसीलदार गौरव सभरवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। मौके पर जेसीबी मशीन ने कॉलोनियों में बने अवैध निर्माण कार्य को ढ़हा दिया। जिला नगर योजनाकार डीआर पचीसिया ने बताया कि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार जिले में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई लगातार जारी है। जिसके तहत आज दो अवैध कॉलोनियों में बनाए गए निर्माण कार्य को ध्वस्त किया गया है। उन्होंने जिले की जनता से इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों में अपना निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर भूमि खंड में निवेश करने से पहले जिला नगर योजनाकार कार्यालय में पहुंचकर उसके बारे में सही जानकारी प्राप्त कर लें। ताकि बाद में उन्हें पछताना ना पड़े।



**यमुनानगर।** गांव चंदाखेड़ी में अवैध कॉलोनी में निर्माण कार्य को ध्वस्त करती हुई जेसीबी मशीन।

## खबर संक्षेप



### योग शिविर का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** वैदिक संस्कृति दर्शन पीठ ज्योतिसर कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक सरल क्रियात्मक योग शिविर का आयोजन किया गया। संचालन आचार्य आत्मन द्वारा किया गया। स्वामी विवेकानंद परिव्राजक, आचार्य अजय व आचार्य आत्मन द्वारा देश के अनेक क्षेत्रों से आए शिविरार्थियों को आसन व्यायाम ध्यान यज्ञ आत्मनिरीक्षण कराके व पतंजलि कृत योगदर्शन आदि शास्त्रों के द्वारा सनातन वैदिक संस्कृति के मूल्यों को जनाया गया।

### कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने की वोट की अपील

**शाहबाद।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद हल्का के गांव शान्ति नगर में वोट की अपील करते हुए स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में लगातार चुनाव प्रचार कर रही है। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा।

### चिकित्सा शिविर में जांचे बच्चों के दांत

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में राष्ट्रीय मौखिक स्वस्थ अभियान के अंतर्गत नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन डॉ माधविका खुराना दंत चिकित्सक पॉलीक्लिनिक सेक्टर - 4 द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के मध्य टूथब्रश बनाकर रंग भरना प्रतियोगिता भी करवाई गई और उन्हें इनाम स्वरूप डेंटल किट दी गई।

### शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पिलाया जल

**कुरुक्षेत्र।** रेलवे रोड स्थित सुभाष मंडी के पास नवरात्रों के उपलक्ष्य में श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अर्जुन एंड पार्टी के ललित लाली व गुलशन बजाज ने गर्मी में चल रही माता एवं बहने कलश यात्रा नंगे पांव चल रही भीषण गर्मी को देखते हुए दुकान के सेवादारों ने निशुल्क प्याऊ जल की व्यवस्था की। तेज धूप में ठंडा पानी पिलाकर राहत पहुंचाई।

### नवरात्र हिंदुओं की आस्था का अति पवित्र पर्व

**पिहोवा।** नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक चैत्र नवरात्र महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक आरंभ हो चुका है। नवरात्र हिंदुओं की आस्था का अति पवित्र पर्व माना गया है, जो भारतवर्ष में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी श्रृंखला के तहत प्राचीन एवं ऐतिहासिक माता बाला सुंदरी मंदिर में मंगलवार प्रातः काल ध्वजारोहण, कलश स्थापना, कन्या पूजन एवं दुर्गा सप्तशती के पाठ से प्रथम नवरात्र उत्सव की शुरूआत की गई।

## चैत्र नवरात्र शुरू होते ही मंदिरों में दिनभर चला पूजा-अर्चना का दौर, भक्तों ने घंटे-घड़ियाल बजाकर मांगी मन्नतें

# हिंदू नववर्ष का हवन यज्ञ के साथ किया शुभारंभ

**हिंदू नवसम्वत का शुभारंभ शहर से लेकर गांव तक पारंपरिक व सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू नवसम्वत का शुभारंभ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक व सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। मंदिरों में विशेष रूप से पूजा हुई। हवन यज्ञ हुए। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने हवन यज्ञ व योग के कार्यक्रम कर हिंदू नववर्ष का शुभारंभ किया।

श्रीमद्भगवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा चैत्र शुक्ल पक्ष एकम विक्रमी संवत 2081 मनाया गया । वंदना सत्र में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजीव ने छात्रों को हिंदू नव वर्ष के बारे में बताया कि हमारे सभी धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम हिंदू कैलेंडर के अनुसार मनाए जाते हैं इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की था। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को अपने घर में नव वर्ष मनाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि आज हम अपने घर पर पांच-पांच दीपक जलाएं तथा कुछ मिष्ठान बनाएं व अपने घर व पड़ोस में भी उस मिष्ठान को खिलाएं। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने हवन यज्ञ व योग के कार्यक्रम कर हिंदू नववर्ष का शुभारंभ किया जैसे सूर्य चंद्रमा प्रति क्षण गतिमान रहते हुए अपना कार्य करते है ऐसे ही हमें भी अपने कार्य को निरंतर बिना रुके करते रहना चाहिए।



### गीता विद्या मंदिर में हवन से हुआ नव संवत का शुभारंभ

*शाहाबाद। गीता विद्या मंदिर शाहाबाद में नव संवत का शुभारंभ हवन से किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग यजमान रहे, जबकि उपाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, प्रबंधक अमित अग्रवाल, प्राचार्य निशा गोयल, सदस्य हरप्रीत सिंह, रचिता कंसल आहूजा व प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख रामकुमार ने हवन में भाग लिया। इस हवन में कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों व समस्त विद्यालय परिवार ने भाग लिया। पंडित जी द्वारा नवग्रह शांति, नव संवत पूजा, मां सरस्वती पूजन व विद्यालय को निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए शुभकामनाओं के साथ हवन करवाया। आशुतोष गर्ग ने डॉ हेडगेवार के जन्मदिन व नव संवत की सभी को बधाई देते हुए विद्यालय में शुरू की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया कि इस सत्र में हमारा विद्यालय पूरी तरह से अंग्रेजी माध्यम, स्मार्ट क्लास, विभिन्न प्रकार के खेल, आधुनिक कंप्यूटर व साइंस लैब युक्त हो गया है। अगर किसी भी विद्यार्थी को कोई समस्या है, तो वह गूगल फार्म जो कि विद्यालय द्वारा भेजा गया है, उसे भर कर दे सकता है। प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख रामकुमार ने अंग्रेजी नव वर्ष और हिन्दू नव वर्ष में अंतर बताया। उन्होंने कहा कि नव संवत में नई योजनाएं बना कर नए संकल्प लेकर आगे बढ़े। प्रबन्धक अमित अग्रवाल ने बताया कि ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना, राम जी का राज्याभिषेक, सतयुग का प्रारंभ आदि व प्रकृति में बदलाव, नव जीवन का आरंभ इसी दिन से होता है। प्राचार्या निशा गोयल ने सभी को निरंतर आगे बढ़ने व स्वयं के विकास के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की तरफ से सभी को लड्डू प्रसाद वितरित किया गया।*



### गीता निकेतन विद्या मंदिर में नवसामत के अवसर पर किया हवन यज्ञ

*कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर ,सेक्टर- 3 में नव संवत के अवसर पर हवन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर, विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या योगिता वालिया, प्रधानाचार्य सुमित कुमार एवं समस्त विद्यार्थी और आचार्यगण उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नव संवत के आगमन का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर ने छात्रों को अपने आशीर्वचनों से प्रेरित करते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है आज ही के दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। आज ही के दिन सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ था। हमें इस पावन अवसर पर अपने मन में यह संकल्प करना है कि हम मन लगाकर पढ़ाई करेंगे एवं अपना कर्तव्य कर्म पूरा करेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने सभी हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।*





### अग्निहोत्र के साथ वैदिक नववर्ष का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 17 स्थित वैदिक धाम मार्किट में आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्त्वाधान में वैदिक नववर्ष, विक्रमी सम्वत 2081 के शुभारम्भ पर अग्निहोत्र कर नये साल का स्वागत किया गया। सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुए विशेष यज्ञ में उप समिति प्रधान राजकुमार गर्ग मुख्य यजमान रहे। साथ ही प्रचार प्रमुख विशाल आर्य, शुभम आर्य, अर्जुन आर्य, बलबीर सिंह व मार्किट के अन्य दुकानदारों ने यज्ञ में आहुति देकर नये वर्ष हेतु मंगलकामनाएं की। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य के निर्देश पर आज हरियाणा के विभिन्न आर्य समाजों में भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में हवन-प्रवचन के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। राजकुमार गर्ग ने कहा कि हमारे देश से अंग्रेज तो वर्षों पहले चले गये मगर उनके चलाए कुछ नियम आज भी हमारे देश में चल रहे है जबकि अंग्रेजों से पूर्व भी हमारा यह देश साधन-सम्पन्न और वैभवशाली था। उन्होंने खासतौर से युवाओं से आह्वान किया कि हमारा नववर्ष विक्रमी सम्वत के साथ आरम्भ होता है, अंग्रेजी कैलेण्डर के हिसाब से नहीं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वैदिक नववर्ष के इस सुअवसर पर अपने घरों के ऊपर ओ३म-ध्वज लगाकर हवन-यज्ञ करें और अपने बच्चों को अपनी वैदिक संस्कृति और संस्कारों से रूबरू कराएं।

## कांगेस के घोषणा पत्र की जानकारी दी

■ कांग्रेस के घोषणापत्र से युवाओं में एक नई उम्मीद का संचार होगा : रीना वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करती कांग्रेस पंचायती राज प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर रीना वाल्मीकि व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस पंचायती राज प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर एवं राजस्थान प्रभारी रीना वाल्मीकि ने कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का धन्यवाद किया है। रीना का कहना है कि बेरोजगारी पर लगाम लगाने और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए पार्टी ने 30 लाख पक्की भर्तियां करने का ऐलान किया है। इसी दिशा में हरियाणा कांग्रेस ने भी 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की भर्ती करने का वायदा किया है। हरियाणा में कौशल निगम और केंद्र में अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिए बीजेपी पक्की नौकरियों को खत्म कर रही है। इसके चलते युवाओं में व्यापक हताशा देखने को मिल रही है। मगर कांग्रेस के घोषणापत्र से युवाओं में एक नई उम्मीद का संचार होगा। कांग्रेसजन इसे घर-घर और जन-जन तक पहुंचाएंगे। धर्मनगरी में पार्टी पदाधिकारी के साथ एक विशेष बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में रीना वाल्मीकि ने नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का भी स्वागत किया है।

### प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**शाहबाद।** बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर से रामनवमी के उपलक्ष में निकली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में नव संवत के मौके पर हुड्डा स्थित ट्रायंगल पार्क के सदस्यों द्वारा किया गया। ट्रायंगल सदस्यों द्वारा प्रभात फेरी में आई हुई संगत का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। पंडित चिराग शर्मा ने आयोजकों से विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। भजनिक गुलशन मयूर और सागर कोहली के भजन तेरा सेवक घर पर आ गया तेरा भवन सबके मन को गया तेरी जय हो मां जगदंबे के भजनों से पूरा वातावरण मां मय हो गया पूरी संगत माता के भजनों पर थीरकने को मजबूर हो गई। मंच का संचालन सुधीर सुद ने बखूबी किया।

## महंगाई ने जनता को रुलाया: गुप्ता

■ तानाशाह सरकार को सता से बाहर करने का जनता ने बनाया मन : डॉ सुशील गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** गांव भिवानी खेड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान डॉक्टर सुशील गुप्ता पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा। **फोटो : हरिभूमि**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से जनता में रोष है। महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। जो भी अपने हक के लिए आवाज उठाते हैं उनके ऊपर इडी बा सीबीआई की कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि बेवजह लोगों को जेल में डाला जा रहा है। एक तरह से देश में तानाशाही का शासन है। आने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता वोट की चोट से भारतीय जनता पार्टी को इसका करारा जवाब देगी । वे सोमवार को थानेसर खंड के कई दोनों गांवो मैं चुनाव प्रचार करने के बाद गांव भिवानी खेड़ा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व वहां पहुंचने पर जिला पार्षद कुसुम लता, कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने डॉक्टर सुशील गुप्ता का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया । इस मौके पर पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, सुभाष पाली, पवन चौधरी, ओम प्रकाश हथीरा, जिला पार्षद सुरेश वाल्मीकि , पूर्व जिला पार्षद चंद्र भान वाल्मीकि, रूपिंदरजीत सिंह ,मनीष सैनी श्यामलाल सेन आदि रहे।



### प्रथम नवरात्र पर मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

**शाहबाद।** नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर में चैत्र शुक्ल के नवरात्रों के उपलक्ष में सुबह 5 बजे से ही माता के भक्तों का तांता लगा रहा। पहले नवरात्रि के उपलक्ष में माता शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। सुबह सर्वप्रथम माता शैलपुत्री का श्रृंगार किया गया। तदोप्रांत माता की आरती की गई। मंदिर सभा के मुख्य पुजारी ऋषि और सतीस ने बताया कि आज पूरा दिन माता के भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर भवन माता के जयकारो से गूंजायमान रहा। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटॉ और फूलों से सजाया गया है। मंदिर का नजारा बहुत ही मनमोहन लग रहा है। मंदिर के आसपास प्रसाद और बच्चों के खिलौने की दुकानों लगी हुई है। मंदिर का मनमोहक दृश्य एक त्यौहार की तरह प्रतीत हो रहा है। मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग और सेवादार अआशू गुप्ता ने बताया कि अष्टमी तक नगर और दूरदराज से भक्तों का माता के दर्शनों के लिए भीड़ लगी रहेगी। अष्टमी के दिन रात्रि को भवन में माता का जागरण होगा, जहां अनेक भजनीक माता का गुणगान करेंगे। इसके साथ ही मेले में कानपुर और यूपी के खुर्जा बुलंदशहर से विशेष तौर पर खजले की मिठाई वाले पहुंचते हैं।

## पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना

■ नवरात्र में हमें अपने घरों में मां की ज्योत जागृत करनी चाहिए : संदीप ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवरात्र महोत्सव पर जय ओंकार आदिशक्तिपीठ् शांतिनगर कुरड़ी व जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में स्थापित श्रीमद्भगवती महामाया मां बाला सुंदरी जी के चरणों में स्वामी शक्ति देव एवं संतोष ओंकार के सानिध्य में स्वामी संदीप ओंकार द्वारा मां के चरणों में पवित्र पावन नवरात्र महोत्सव के पावन अवसर पर घटस्थापना कर खेत्री बोकर मां के चरणों में ज्वाला ज्योति प्रचंड कर मां के स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर मां को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर गंगाजल से स्नान कराकर विधिवत मंत्रौचारण के साथ पूजा अर्चना कर मां के स्वरूप का कन्याओं को रक्षा सूत्र बांधकर पूजन किया गया। स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि मां के पावन पर्व पर हमें अपने घरों में मां की ज्योत जागृत करनी चाहिए और मां के चरणों में अखंड ज्वाला ज्योति प्रचड करनी चाहिए। ओंकारमहायज्ञ में दुर्गा सहस्त्रनामाबली से आहुतियां डाली गई ओर पूर्णाहूति स्वामी संदीप ओंकार द्वारा डाली गई और कन्या पूजन प्रतिदिन करना चाहिए।



**पिहोवा।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अर्जुन चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

### जनता को बीजेपी व जेजेपी नेताओ से नफरत: अर्जुन

**पिहोवा।** पूरे हरियाणा में बीजेपी और जेजेपी के नेताओं का हर रोज गांवों में लोगों द्वारा बहिष्कार किया जा रहा है और लगातार उन्हें गांवों में घुसने और कार्यक्रम करने से रोका जा रहा है। अगर इनकी सिक्योरिटी हटा ली जाए तो लोग इनके कपड़े फाड़ेंगे। उपरोक्त शब्द इनलो नेता अर्जुन चौटाला ने पिहोवा हलके के दर्जन गावों का दौरा करने के उपरांत कुरुक्षेत्र रोड पर स्थित अपने चुनावी कार्यालय में आयोजित भीड़ को संबोधित करते हुए कहे। अर्जुन चौटाला ने कहा कि प्रदेश के लोगों को बीजेपी और जेजेपी के नेताओं के प्रति नफरत हो गई है जिसका मुख्य कारण पहले पांच सालों में भाजपा सरकार और पिछले साढे चार सालों में बीजेपी और जेजेपी की गठबंधन की सरकार में संत्री से लेकर मंत्री तक ने अपना पूरा ध्यान सिर्फ लूट मचाने, भ्रष्टाचार करने और घोटाले करने में ही बिताया है रोजगार, कानून व्यवस्था, महंगाई, अस्पतालों में सुविधा, स्कूलों में मास्टर, बिजली, पानी, सडकें, किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम और हर जगह पोर्टलों से लोगों द्वारा झेली जा रही समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया।

## हरियाणा कमेटी 12 अप्रैल को पाकिस्तान भेजेगी जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा खालसा साजना दिवस (बैसाखी)पर संगत का एक जत्था धार्मिक यात्रा के लिए पाकिस्तान भेजा जाएगा। एचएसजीएमसी के हैड ऑफिस कुरुक्षेत्र से 12 अप्रैल की सुबह श्री अमृतसर के लिए रवाना होगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों से संगत ने हरियाणा कमेटी के पास पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए आवेदन किया था। इसके आधार पर हरियाणा कमेटी के सहायक सुपरवाईजर हरकीरत सिंह द्वारा पाकिस्तान में स्थापित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन करवाने के लिए 198 वीजे लेने के लिए आवेदन किया गया था। इनमें से 156 लोगों को पाकिस्तान के गुरुद्वारा साहिबान के नतमस्तक होने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि अगली सारी कार्रवाई हैड ऑफिस में हरकीरत सिंह द्वारा पूरी करवाई जाएगी, जिसके लिए संगत मुखय कार्यालय में संपर्क कर सकती है। 13 अप्रैल को जत्था बाघा बार्डर के जरिए पाकिस्तान जाएगा।

### इंडिया गठबंधन राजनीति में परिवर्तन लाएगा : बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा सरकार सोई पड़ी है।



हरियाणा के नौजवान बेरोजगारी के कारण धक्के खा रहे है। रोजगार के लिए युवा विदेश में पलायन कर रहे है। ऐसे ही रोजगार के लिए रूस गए हरियाणा के कुछ युवक अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है और वे गंभीर संकट में हैं। बवेजा ने कहा कि कलायत के मटोर गांव के 6 युवक रूस में फंसे हुए है। हरियाणा के कैथल व अन्य जिलों के युवा भी रूस में फंसे हुए हैं।

### हिन्दू नव वर्ष का आगाज हुआ बुर्ज खलीफा स्टाइल आतिशबाजी से

## भद्रकाली मंदिर में मां के दर्शन को लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में प्रथम नवरात्रि के साथ नव संवत्सर का प्रारंभ हुआ, मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही मंदिर में भक्तों की भारी लाइन लग गई थी। प्रातः कालीन मंगला आरती मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने की और उसके बाद शक्ति कलश पूजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि देसूराम रिटायर्ड पोस्टल सुपरिंटेंडेंट, कुरुक्षेत्र रहे। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि माँ शैलपुत्री देवी पार्वती का ही एक रूप हैं जो नंदी पर सवार, श्वेत वस्त्र धारण करती हैं। उनके एक हाथ में त्रिशुल और एक हाथ में कमल विराजमान है। माँ भद्रकाली जी को दीप, फल, फूल, माला, रोली, अक्षत चढ़ा कर पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि माँ शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय है, इसलिए पूजन में सफेद फूल और मिठाई अर्पित की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि प्रथम नवरात्रि को हिंदू नव वर्ष अभिनंदन, विक्रम संवत 2081 का भी आयोजन रात्रि 8 बजे किया गया जिसमें नगर देवी माँ भद्रकाली कुरुक्षेत्र वाली जी के 108 फुट ऊंचे शिखर पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन विश्वप्रसिद्ध बुर्ज खलीफा स्टाइल में किया गया। गुरु जी ने बताया कि शक्तिपीठ और हिन्दू मंदिरों का मुख्य उद्देश्य अपने सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना भी है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ऐसा भव्य आयोजन किया गया है। इस आयोजन को पिछले 3 वर्षों में करोडों भक्तों ने डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी देखा था। अबकी बार इस हिन्दू नव वर्ष विक्रमी सम्वत 2081 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जया शारदा, अतिरिक्त उपायुक्त, कैथल व शांतनु शर्मा, उपायुक्त, कुरुक्षेत्र रहे व नरेंद्र कुमार जी पटाखे वाले, शाहबाद मुख्य यजमान रहे। अबकी बार भी फेसबुक पर लाखों लोगों ने इस अद्भुत दृश्य का लाइव प्रसारण के माध्यम से आनंद लिया।




कुरुक्षेत्र। कन्याओं का पूजन करते पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, शिमला देवी, हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, मीना जोशी, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, डॉ अन्नू पॉल शर्मा, स्नेहिल शर्मा, देवांशु शर्मा, निकुंज शर्मा, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, आशीष दीक्षित, एमके मौदगिल, जीवन मौदगिल, राजकुमार धवन, विशु, ऋषि, सुरेंद्र द्विवेदी इत्यादि भक्त उपस्थित रहे।

# बाला सुंदरी मंदिर में माता को वस्त्र पहनाने के लिए 12 वर्ष की बुकिंग, 2037 में नंबर आएगा

## वस्त्र सिलने वाले दर्जी पर करानी पड़ती है बुकिंग,100 साल से एक परिवार सिलाई कर रहा, पहले नवरात्रे से श्रद्धालुओं का लगा तांता



सुभाष शर्मा ▶▶| मुलाना

यहां का माता बाला सुंदरी मंदिर आस्था का प्रतीक है। मंदिर के बारे में विशेष बात है कि यहां माता रानी के वस्त्रों को श्रद्धालु हर साल बारी के हिसाब से चढ़ाते है। मंदिर में माता रानी को वस्त्र पहनाने की इच्छा रखने वाले श्रद्धालुओं को वर्षों का इंतजार करना पड़ता है। हर वर्ष श्रद्धालु माता बाला सुंदरी के लिए वस्त्र पहनाने के लिए अपना नाम अंकित कराते है। बारी के अनुसार उन का नंबर आता है। माता को नए वस्त्र पहनाने के लिए 12 साल की अग्रिम बुकिंग चल रही है।

2024 के चैत्र महीने के नवरात्रों में यहां के रहने वाले एक परिवार ने इस सेवा को अदा किया है। एनएच 344 के नजदीक बने माता बाला सुंदरी मंदिर में नवरात्रों के पहले दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सैंकड़ों की संख्या में आए श्रद्धालु माता के दर पर नतमस्तक हुए और मन्नते मांगी। माता का भवन माता के जयकारों से गूंज उठा। यहां माता बाला सुंदरी पिंडी को गुलाब की पंखुड़ियों में सुशोभित किया गया है। पूरे मंदिर में लाइटिंग कर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। बता दें कि माता बाला सुंदरी मंदिर में पहले नवरात्रे से चतुर्दशी तक भव्य मेले का आयोजन होता है। मेले में बाजार पूरी तरह सज चुके है। श्रद्धालु माता रानी के दर पर माथा टेक मेले के बाजार में खरीददारी करते है। मंदिर में बने ताल को साफ कर उसे साफ पानी से भरा गया है। ताल के बीचों बीच बना पशुपतिनाथ मंदिर की शोभा देखते ही बनती है।

### 105 फ़ीट की ऊंचाई पर लहराता है माता का झंडा

माता बाला सुंदरी मंदिर को पांच मंजिल बनाया गया है। मंदिर के भवन की ऊंचाई 105 फ़ीट की है। 105 फ़ीट ऊंचे भवन पर माता बाला सुंदरी का लाल झंडा लगा है। पहले नवरात्रे के दिन मंदिर में झंडा रस्म अदा की गई। पुराना झंडा बदल नया झंडा लगाया गया। मंदिर कमेटी सचिव अशोक राणा का कहना है मंदिर में साल में नवरात्रों के दौरान झंडे को बदला जाता है। यदि कभी झंडा फट जाए या अन्य किसी कारण से सही न रहे तो उसे गुप्त नवरात्रों में बदला जाता है।

### तीन पीढ़ियां कर रही हैं माता के वस्त्र तैयार

माता बाला सुंदरी के तीन पीढ़ियों से वस्त्र बना रहे परिवार के रमन स्यान बताते हैं कि माता के वस्त्र उन की दुकान पर सिले जाते हैं। वस्त्रों को लेकर 12 साल की अग्रिम बुकिंग चल रही है। अभी उन के पास साल 2036 तक की अग्रिम बुकिंग है। स्याण कहते है कि वस्त्रों में करीब 17 हजार का खर्च आता है।



माता बाला सुंदरी, भैरों महाराज, कालीमाता, माता के गण, भगवान शिव, ध्यानु भगत व सभी प्रकार के छोटे व बड़े झंडे वस्त्रों में शामिल रहते हैं।

उन का कहना है कि अग्रिम बुकिंग करने के समय कोई एडवांस राशि नहीं ली जाती। वस्त्र तैयार करने से एक महीने पहले श्रद्धालु को सूचित कर दिया जाता है। रमन के अनुसार उन के बाबा केसों राम, श्रवण राम, पिता रामपाल स्यान कार्य करते है अब वह अपने पिता रामपाल स्यान व छोटे भाई संदीप के साथ इस कार्य मे लगे हैं।

### मंदिर का कार्यक्रम

मंदिर कमेटी के सचिव अशोक राणा ने बताया कि मंदिर में चौदह दिवसीय नवरात्र मेला 9 से आरम्भ होकर 23 अप्रैल तक जारी रहेगा । इस दौरान 15 अप्रैल को सप्तमी की रात मंदिर प्रांगण में हर साल की तरह हवन यज्ञ होगा ।16 अप्रैल को अष्टमी वहीं 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर रामायण पाठ होगा। मां भगवती के जागरण का आयोजन 21 अप्रैल को किया जाएगा। 22 अप्रैल को चतुर्दशी पर मेले का आयोजन होगा। इस दिन मंदिर कमेटी की और से कुश्तियों का भी आयोजन होगा। 23 अप्रैल को पूर्णिमा पर हनुमान जयंती भी मनाई जाएगी

### मंदिर के प्रवेश द्वार पर खर्च होंगे करीब 81 लाख

माता बाला सुंदरी मंदिर में मंदिर कमेटी द्वारा विशाल प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर का नया प्रवेश द्वार बंनाने में लगभग 81 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही जा रही है। इस द्वार को बनवाने के लिए राज्यस्थान से उत्तम किस्म का मार्बल मंगाया गया है। इसकी कीमत 50 लाख रुपये आई है। प्रवेश द्वार पर विशेष कारीगरी के लिए राज्यस्थान से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं। यह प्रवेश द्वार अपने क्षेत्र के मंदिर का अनोखा प्रवेश द्वार होगा।पिछले छह महीने से प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 383 बोतल शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुलशन कुमार को (372 बोतल) अवैध शराब सहित काबू किया है। एक अन्य मामले में थाना नारायणगढ़ क्षेत्र के बाल्टी चौक से पुलिस ने आरोपी बलजीत सिंह को 11 बोतल शराब सहित काबू किया है।

### छावनी क्षेत्रः कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र मेन गेट गांधी ग्राउंड से अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी राहुल उर्फ शुभम को अवैध कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। सूचना उपरांत सीआईए-2 ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी को काबू कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया है।

### चोरी के मामले में आरोपित को पकड़ा

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए- 1 ने आरोपी रोहित को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। किंग विहार के जयंत ने 6 जुलाई 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जून 2022 को एसडी कॉलेज के बाहर से किसी ने मोटरसाईकिल चोरी कर ली है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी जय प्रकाश उर्फ बंगाली व रणजीत सिंह उर्फ राजा सिंह को गिरफ्तार किया है। पूजा विहार के सार्थक ने 27 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 फरवरी 2024 को सच्ची सरकार पीर बाबा के बाहर से किसी ने उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रिंस को गिरफ्तार किया है। शिव कॉलोनी के राजेश ने 21 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मार्च 2024 को सिविल अस्पताल के बाहर से उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है।

### पंचकूला में 'कॉप ऑफ द मंथ' की शुरुआत

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर पंचकूला शिवास कविराज के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक नें पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा काम करनें वालें पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 'कॉप ऑफ द मंथ' की शुरुआत की गई है ।

### छात्रों को एड्स की दी विस्तार से जानकारी

**बराड़ा।** हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल तक चलाए जा रहे सप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में एचआईवी/एड्स विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी विद्यार्थियों के साथ सांझा की गई। प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक जानलेवा बीमारी है।

## स्नैचिंग वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग का खुलासा

# छह वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपित पुलिस गिरफ्त में

आरोपितों ने शहर में अलग -अलग स्थानों 6 वारदातें की थीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त क्राइम मुकेश मलहोत्रा के नेतृत्व में एसीपी क्राइम अरविंद कम्बोज की अगुवाई मे क्राइम ब्रांच सेक्टर 19 इन्सपेक्टर योगविन्द्र सिंह व उसकी टीम नें जिला में स्नैचिंग की वारदातों को अन्जाम देनें वालीं गैंग का खुलासा करते हुए 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आशिष वासी ढकौली जीरकुपर, शुभम कुमार वासी सेक्टर 25 पंचकूला अमित कुमार वासी हिसार हाल सेक्टर 25 पंचकूला के रुप में हुई । एसीपी क्राईम अरविंद कम्बोज नें अपने कार्यालय में स्नैचिंग गैंग का खुलासा करते हुए प्रेस कान्फ्रैंस में बताया कि 24.11.2023 की शाम को करीब 7 बजे मार्किट से पीडिता नीता वासी सेक्टर 15 पंचकूला के गले से पहनी सोनें की चैन को 2 मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति छीनकर भाग गये थे जो पीडित पवन कुमार पुत्र बलवंत राय वासी सेक्टर 26 पंचकूला की शिकायत पर भा.द.स. की धारा 379-ए के तहत थाना सेक्टर 14 में अभियोग सख्या 345 दिनांक 24.11.2023 दर्ज किया गया ।

एसीपी नें बताया कि 07.11.2023 को सेक्टर 21 पंचकूला से पीडिता महिला मुलरेजा शाम के समय जब वह घर की तरफ आ रही थी तो पीछे से दो अन्जान व्यक्तियो नें पीडिता के गले से करीब 20 ग्राम की सोनें की चैन छीनकर भाग गया जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर 05 पंचकूला में अभियोग सख्या 394 दिनांक 07.11.2023 को थाना सेक्टर 05 में मामला दर्ज किया गया । इसके अलावा एसीपी नें बताया 19.11.2023 को जब पीडिता प्रोमिला वैध वासी सेक्टर 11 पंचकूला शाम के समय पार्क से वापिस घर की तरफ आ रही थी तभी पीछे से 2 लडके मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए और पीडिता के गले से सोनें की चेन छीनकर भाग गए। पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर 05 में 19.11.2023 दर्ज किया गया था।

इसके अलावा एसीपी ने कान्फ्रैंस में बताया कि 06.12.2023 को शाम के समय शीला मलिक वासी सेक्टर 25 महिला की गले से सोनें की चैन स्नैच वारदात को अन्जाम दिया था । पीडिता शीला मलिक की शिकायत पर थाना चण्डीमन्दिर में 06.12.2023 केस दर्ज रजिस्टर किया गया था।



पचकूला। एसीपी क्राईम अरविंद कम्बोज स्नैचिंग गैंग का खुलासा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चार दिन के रिमांड पर लिया

एसीपी क्राईम अरविंद कम्बोज नें बताया कि शहर में अलग अलग स्थानों पर स्नैचिंग वारदात घटित हुई थी जिन वारदातों की जांच क्राईम ब्रांच सेक्टर 19 पंचकूला के द्वारा की गई। क्राईम ब्रांच सेक्टर 19 इन्सपेक्टर योगविन्द्र के नेतृत्व में स्नैचिंग वारदातो को अंजाम देने वाले आरोपियो की सीसीटीवी इत्यादि के सहयोग से फोटो विडियो इत्यादि प्राप्त करके कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियो को गिरफ्तार करके अदालत में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिन आरोपियो से 6 वारदातों को खुलासा किया। जिन आरोपियो से वारदातो में स्नैच की हुई सोनें की चेनों को बरामद किया जाएगा और उनके बारे में पूछताछ की जाएगी।

### थाना सेक्टर 20 में मामला दर्ज

एसीपी नें जानकारी देते हुए बताया कि 02.04.2023 को अनुपमा सेठ वासी सेक्टर 20 शाम के समय सैर के लिए घर जा रही थी तभी घर वापिस जाते समय पीछे से दो व्यक्ति मोटरसाईकिल पर सवार होकर आये और पीडिता अनुपमा सेठ के गले से सोनें की चेन स्नैच करके भाग गये । जिसकी शिकायत पर 02.04.2023 थाना सेक्टर 20 में मामला दर्ज किया गया था ।

### एसीपी ने दी जानकारी

एसीपी नें बताया कि दिनांक 12.06.2023 को दोपहर के समय जब पीड़िता पायल असीजा वासी सेक्टर 20 स्कूटी पर घर की तरफ जा रही थी तभी रास्ते में पीछे से दो मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति नें पीडिता पायल असीजा के गले से सोनें की चेन छीनकर भाग गये । पीडिता पायल की शिकायत पर थाना सेक्टर 20 में 12.6.2023 मामला दर्ज किया गया।



# मनसा देवी मंदिर पंचकूला में कड़ी सुरक्षा का पहरा

- कैमरों से से होगी निगरानी 750 पुलिस जवान तैनात
- असाल्ट ग्रुप की टीम तैयार कर मेले में तैनात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पुलिस उपायुक्त पंचकूला हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में माता मनसा देवी मंदिर में नवरात्र मेला को लेकर कड़ी सुरक्षा इंतजाम किए गए है पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक नें बताया कि माता मनसा देवी नवरात्रो में बडी सख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन के लिए आते हैं और मेले में कड़ी सुरक्षा को लेकर पंचकूला पुलिस विभाग के द्वारा पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए है पुलिस नें मेले को लेकर विशेष 13 अस्थाई नाकें स्थापित किए गये है इसके अलावा मेले पेट्रोलिंग ड्यूटी इत्यादि भी तैनात की गई है जिन पर पुलिस के करीब 750 पुलिसकर्मी तैनात होंगे । सभी नाकों पर 24 घंटे पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे । मेले में श्रद्धालुओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक सहायता केंद्र भी बनाया गया है, जहां पर पुरुष व महिला पुलिस कर्मचारी तैनात होंगे । असाल्ट ग्रुप की टीम तैयार कर मेले में तैनात की गई है, ताकि बम इत्यादि की सूचना पर तुरंत घटनास्थल पर जाकर कार्रवाई की जा सके। विशेषकर एंटी सेबोटेज की टीम, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, क्राइसिस मैनेजमेंट टीम, स्ट्राइकिंग रिजर्व, टियर गैस स्क्वाड, बम डिस्पोजल, एंबुलेंस, फायर बिग्रेड टीमों को भी तैनात किया है । पुलिस उपायुक्त पंचकूला हिमाद्रि कौशिक नें आमजन से अपील करते हुए कहा कि मेले में किसी प्रकार की कोई संदिग्ध व्यक्ति या कोई वस्तु दिखाई दे उसके साथ किसी भी प्रकार से छेडछाड ना करें ।

### मेले में श्रद्धालु बच्चे साथ रखें और उनका ख्याल रखें

इसके अलावा पुलिस उपायुक्त नें बताया कि मेले में दर्शन करने लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है जो श्रद्धालुओं अपने साथ बच्चे लेकर आते है वह सभी अपने बच्चो को ख्याल रखें उन्हें अपनी पहुंच दूर ना करें उन्हे इधर उधर जानें से रोकें उन्हे हर जगह पर अपने साथ रखें । ताकि बच्चा आपसे दूर न जाएं । सोमवार देर रात्रि पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक नें मेले में ड्यूटी पर तैनात किए गये सभी पुलिस अधिकारियो व कर्मचारियो को मेले में ड्यूटी के बारे में ब्रीफ किया गया और अपनी ड्यूटी को मेहनत व ईमानदारी के साथ करें।

### ग्रामीण क्षेत्र में आठ घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**मुलाना।** अधोया बिजली निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं की फसल को आगजनी की घटनाओं की आशंकाओं से बचाने के लिए बुधवार से दिन के समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है। दरअसल हर साल गेहूं की फसल में आगजनी की घटनाओं से गेंहू की फसल को काफी नुकसान होता है। इसका कई बार कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें भी बन जाती है। यदि बिजली की तारें आपस में टकरा जाती है, तो उनसे निकलने वाली चिंगारी खेत में खड़ी फसल में तांडव मचा सकती है।

### पहले दिन 1300 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

**मुलाना।** अनाज मंडी में मंगलवार को गेंहू की खरीद शुरू की गई। खरीद शुरू होने के मौके पर मंडी प्रधान रणजीत सिंह, रिम्पी, संजीव , तिलकराज व खरीद एजेंसी एसडब्लयूसी से अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मिठाई बांट कर मुंह मीठा कराया गया। मंगलवार को नियमानुसार एसडब्लयूसी ने खरीद की। पहले दिन नियमों के तहत 1300 क्विंटल गेंहू की खरीद की गई। जबकि अनाज मंडी में करीब 6 हजार क्विंटल की आवक हो चुकी है। गेंहू में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण गेंहू की खरीद कम हुई बताई जा रही है।

### झूठों की बातों में मत आना, मैंने तो जीना मरना यहां है



- परिवहन मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए वोट की अपील की

**अंबाला।** अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ परिवहन मंत्री असीम गोयल शहर के हर गांव में पहुंचकर वोटों की अपील कर रहे हैं। मंगलवार को दर्जनभर गांवों के दोनों ने दौरे किए। असीम ने कहा कि मैंने जीना मरना यहां है इसलिए मैं कोई गलत बात नहीं करूंगा मगर आप झूठों की बातों में न आना। अंबाला शहर विधानसभा के जैतपुरा , जौधपुर , जंधेड़ी , दानीपुर, बालापुर,छपरा काठगढ़,कंगवाल, रौशनपुर, महला, सौंटी व सौंटा गांवों में असीम और बंतो पहुंचे थे। विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंची बन्तों कटारिया ने जहां वोट की अपील की वहीं परिवहन मंत्री असीम गोयल ने विरोधी दलों को जमकर निशाने पर लिया। कटारिया ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की योजनाओं व जन कल्याण की नीतियों के नाम पर वोट की अपील की वहीं परिवहन मंत्री असीम गोयल ने विपक्षी दलों को जमकर निशाने पर लिया। असीम गोयल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसी अपने साथ झूठ का एक ट्रक लेकर चलते हैं तो दूसरा तैयार रहता है। इनकी पार्टी की जो हालत हो गई है उसे देखते हुए ये ऐसे ऐसे वादे आप लोगों के बीच कर जाएंगे कि ये लाल किला तक आपके नाम करवाने का वादा भी कर जाएंगे। गोयल ने इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसे। विभिन्न गांवों में लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया को ग्रामीणों ने केलों में तोल कर उनका सम्मान किया। छपरा काठगढ़ में बंतो कटारिया व मंत्री असीम गोयल का ग्रामीणों नर पगड़ी पहनाकर व शॉल भेंट कर जोरदार स्वागत किया।

### लोस चुनावः नागरिकों और प्रत्याशियों की सुविधा के लिए छह एप लांच

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि लोकसभा चुनावों में नागरिकों के अधिकारों को सशक्त करने के लिए चुनाव आयोग ने 6 मोबाइल एप लांच किए हैं। इन एप के माध्यम से महज एक क्लिक पर वोट बनवाने, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने, उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित कई कार्य किए जा सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप लांच किया है। दरअसल, चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाता फ्रैंडली कदम उठाए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है जिसके जरिए 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## मिशन अस्पताल में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार कार्यक्रम आयोजित

# स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए नर्सिंग छात्रों की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विश्व स्वास्थ्य दिवस द्वारा "मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार की थीम के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य के अधिकार को पूरा करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालने की एक प्रभावशाली कोशिश है 1 विश्व की आबादी के आधे से अधिक लोगों - को आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल नहीं मिलती 1 इसके अलावा, 2 अरब से अधिक लोग बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँचने में वित्तीय कठिनाई का अनुभव करते हैं। इन सब मुद्दों से समाज को जागरूक करने हेतु फिलाडेल्फिया मिशन अस्पताल में रंगोली, चार्ट एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा स्कूल ऑफ़ नर्सिंग की छात्राओं ने प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ समाज को जागरूक करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई 1 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अनुभव अग्रवाल ने मिशन अस्पताल के इस कार्यक्रम को सराहा एवं छात्राओं के प्रयास की प्रशंसा की 1 कार्यक्रम को गरीब एवं हाशिये पर रहने वाले लोगों को समर्पित करते हुए मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ सुनील सादिक़ ने बताया कि 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना इस मिशन के अंतर्गत हुई की सभी को स्वास्थ्य का अधिकार मिलना चाहिए । इस समय बीमारियों और आपदाओं से लेकर संघर्षों और जलवायु परिवर्तन तक कई संकटों से जूझ रही दुनिया में लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार को साकार करने का मिशन पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।



अंबाला। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नर्सिंग की छात्राएं व मौजूद लोग।

# मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में श्रद्धा से मनाया विक्रम संवत 2081 का नूतन वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में विक्रम संवत 2081 का नूतन वर्ष बहुत ही श्रद्धा भाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । नूतन वर्ष के अभिनंदन में मुरलीधर डीएवी का प्रांगण हवन यज्ञ के वैदिक मंत्र गूंजायमान रहा।

विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी ने यज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को हिंदू नव वर्ष के महत्व के बारे में बताते हुए यह जानकारी भी दी की चैत्र शुक्ल पक्ष स्वयं में ही हर प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के लिए पवित्र माना जाता है। 1875 में महर्षि दयानंद ने इसी दिन मुंबई महानगर में आर्य समाज की स्थापना की थी इसलिए समस्त डीएवी परिवार इसे आर्य समाज स्थापना दिवस के रूप में मनाता है। इसके साथ ही अगले वर्ष आर्य समाज अपनी स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण कर लेगा जो कि हम सबके लिए बहुत हर्ष का विषय रहेगा।अगले वर्ष इसे बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः की प्रार्थना सभा में एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने सभी विद्यार्थियों को नूतन वर्ष की बधाई देते हुए यह बताया कि इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। उन्होंने कहा कि भारत फिर से विश्व का सिरमौर बनेगा।



अंबाला। मुरलीधर डीएवी स्कूल में हवन यज्ञ में आहुति डालते प्रिंसिपल व छात्र।